# 2 नवंबर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय गंगा उत्सव-2020 का आयोजन

हरिद्वार **संवाददाता।** । नमामि गंगे और केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय दो नवंबर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय गंगा उत्सव-2020 का आयोजन करेगा। वर्चुअल प्लेटफार्म पर होने वाले इस आयोजन में गंगा से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ गंगा फिल्म फेस्टिवल, कहानी जंक्शन, गंगा डायलॉग, मिनी गंगा क्विज और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नमामि गंगे की वित्त नियंत्रक रोजी अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन की जिम्मेदारी केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्य मंत्री रतनलाल कटारिया संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय गंगा उत्सव-2020 में सतगुरु जग्गी वासुदेव, गायक कैलाश खेर, अभिनेता राजीव खंडेलवाल, पद्मभूषण अनिल जोशी समेत कई हस्तियां हिस्सा लेंगी। वित्त नियंत्रक रोजी अग्रवाल ने बताया कि ट्विटर, फेसबुक और यू-ट्यूब के साथ-साथ च्डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.गंगाउत्सव.इनद्ध के जरिए कार्यक्रम से जुड़ा जा सकता है। नमामि गंगे के राज्य प्रमुख उदयराज ने बताया कि राष्ट्रीय गंगा उत्सव-2020 की कार्ययोजना इस तरह तैयार की गई है कि इसमें गंगा में आस्था रखने वाले छोटे से लेकर बड़े तक की रुचि बनी रहे।

# सड़क निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप, जांच की मांग

नई टिहरी **संवाददाता।** । मेरा गांव, मेरी सड़क योजना के तहत ग्रामसभा बुडोगी में बनाई गई 2.5 किमी मोटर मार्ग की स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने जांच की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई। जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिला पंचायत सदस्य हितेश चौहान ने बताया कि नई टिहरी से बुडोगी तक बनी 2.5 मोटर मार्ग में कई खामियां हैं। इसलिए इस मार्ग की जांच कराई जानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क की चौड़ाई पूरी नहीं है। सड़क पर मोड़ मानकों के अनुसार नहीं है, जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। सड़क के डामरीकरण में जो सोलिंग का पत्थर बिछाया गया है वो कच्चा है, ऐसे में डामर सही नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सोलिंग में मोटाई मानकों के अनुसार नहीं है। इस कारण सड़क जोखिम भरी बनी है और इस पर दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर लोड गाड़ियां चलाकर इसकी टेस्टिंग की जाए। साथ ही सड़क के कार्यों की जांच की जाए। ज्ञापन देने वालों में सदस्य क्षेत्र पंचायत बुडोगी रेनू चौहान आदि शामिल थे।

# शासनादेश रद्द करेन तीर्थ पुरोहितों ने एक घंटा मौन व्रत रखा

हरिद्वार **संवाददाता।** हरकी पैड़ी पर गंगा को स्कैप चैनल बताने वाले शासनादेश को रद करने की मांग को लेकर हरकी पैड़ी पर तीर्थ पुरोहितों का धरना 32वें दिन भी जारी रहा। तीर्थ पुरोहित 2016 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के हरकी पैड़ी पर गंगा को एस्केप चैनल घोषित करने वाले शासनादेश का विरोध कर रहे हैं। साथ ही, भाजपा सरकार से इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को उपवास पर सिद्धार्थ त्रिपाठी व सौरभ सिखौला बैठे। पुरोहितों ने धरना-उपवास स्थल पर एक घंटा मौन व्रत भी रखा। साथ ही, गंगा पूजन कर प्रार्थना करते हुए कहा कि वह विश्व कल्याण को कोरोना संकट को खत्म करें और सरकार को सद्बुद्धि दे। धरना और उपवास कर रहे तीर्थ पुरोहितों ने तय किया वह नवरात्र के व्रत भी धरना स्थल पर ही करेंगे, इसलिए नवमी पर कन्या पूजन भी यहीं कराया जाएगा। धरने में सौरभ सिखौला, मृदुल किशोर कांकर, उमाशंकर वशिष्ठ, सुनिल चाकलान, अनिल कौशिक, आदित्य वशिष्ठ, सिद्धार्थ त्रिपाठी, अनमोल शर्मा, सुशील चाकलान, अंशुल हरीतोष, नितिन पालीवाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की लोगों से कोरोना संक्रमण से सर्तक रहने की अपील

उत्तरकाशी **संवाददाता।** । कोरोना संक्रमण से डीएम मयूर दीक्षित ने जनपद वासियों से सतर्क रहने की अपील की है। कहा कि किसी भी व्यक्ति की थोड़ी सी लापरवाही उसको व उसके परिवार एवं आस पड़ोस को संकट में डाल सकती है। उन्होंने जनमानस से अपेक्षा की है कि जब तक कोविड-19 संक्रमण की दवाई नहीं आ जाती तब-तक संक्रमण से बचाव के लिए सभी मास्क, फेसकवर, सामाजिक दूरी, सेनेटाइजर, स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में लायें और लक्षण प्रतीत होने पर चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि सभी व्यक्ति संयमित रहकर सावधानी बरतेंगे तो कोरोना जैसी महामारी पर जल्द ही विजय पा लेंगे। उन्होंने बताया कि अनलॉक-5 के अन्तर्गत लगभग सभी गतिविधियां तेजी से शुरू हो गई हैं। ऐसे में अब अधिक सतर्कता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने खासकर युवाओं से अनिवार्यत: कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, अपनाने एवं अन्य को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपेक्षा की है। उन्होंने त्योहारी सीजन के मध्यनजर अब बाजारों, सार्वजनिक परिवहन, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों में भीड़ बढ़ रही है, ऐसे में व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों को मास्क एवं सोशल डिस्टेसिंग का विशेष ख्याल रखे जाने की बात कही।

# परिवहन निगम ने की हरबर्टपुर में अंतर्राज्यीय बस अड्डा निर्माण की कवायद तेज

विकासनगर **संवाददाता।** हरबर्टपुर में चार एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाले अंतर्राज्यीय बस अड्डा निर्माण की कवायद परिवहन निगम ने तेज कर दी है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक मुन्ना चौहान और निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह चौहान ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। निगम के एमडी ने बताया कि जल्द ही डीपीआर तैयार कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस अड्डा निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

हरबर्टपुर कस्बे से उत्तर प्रदेश, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़ के लिए यात्री बसों का आवागमन होता है। लेकिन यहां बस अड्डा नहीं होने के कारण यात्रियों का टिकट बुक कराने के लिए देहरादून जाना पड़ता है। जो यात्री ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं, उन्हें देहरादून से गंतव्य स्थल तक किराया देना पड़ता है। इसके साथ ही रात को आने वाली बसें यात्रियों को सड़क पर ही उतार देती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब निगम की ओर से बस अड्डा निर्माण की कवायद तेज करने से स्थानीय लोगों जल्द ही बस अड्डा की सौगात मिलने की उम्मीद जगी है।

क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने बताया कि प्रस्तावित बस अड्डे का निर्माण अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ किया जाएगा, जिससे यात्रियों को एक ही जगह पर सभी सुविधाएं मुहैया हो सके। बस अड्डे के साथ ही परिवहन निगम की वर्कशॉप, सार्वजनिक शौचालय सहित अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। एक से डेढ़ वर्ष के अंतराल में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, एसडीएम सौरभ असवाल, एमडीडीए सचिव एसएल सेमवाल, अधिशासी अभियंता अजय माथुर आदि मौजूद रहे।

हरबर्टपुर में बस अड्डे के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे परिवहन निगम के एमडी एवं एमडीडीए के उपाध्यक्ष रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि विकासनगर में गीता भवन के सामने मल्टी स्टोरी पार्किंग स्थल का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पार्किंग के साथ ही शॉपिंग कांपलेक्स भी विकसित किया जाएगा। विधायक मुन्ना चौहान ने बताया कि इसके लिए बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति की खाली जमीन नगर पालिका को हस्तांतरित कराई जाएगी। नगर में मल्टी स्टोरी पार्किंग बनने से जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## बिजली पोल और पेयजल लाइन शिफ्ट न होने से लटक रहा कार्य

रुद्रप्रयाग **संवाददाता।** नगर मुख्यालय में एनएच लोनिवि द्वारा निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण और डामरीकरण में बिजली के पोल, पाइप लाइन और पेड़ कई जगहों पर निर्माण में रोड़ा बन रहे हैं। इस बाबत न तो संबंधित विभाग सक्रिय कार्रवाई कर रहे हैं और न ही एनएच इस मामले में कोई संज्ञान ले रहा है। आलम यह है कि कई जगहों पर सड़क चौड़ी होकर डामर भी कर दी गई किंतु पोल सड़क में ही खड़े हैं। नगर में ऑलवेदर रोड योजना में बन रही सड़क को लेकर कई बार कई जगहों पर न तो नाली निर्माण हो पा रहा है और न ही बिजली के पोल और पेयजल लाइनों को शिफ्ट किया गया है। एक ओर अब त्योहारों का समय नजदीक है ऐसे में व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत निगम को सड़क से बाहर बिजली के पोल शिफ्ट करने हैं किंतु अभी भी कई पोल सड़कों में ही लगे हैं। जबकि जल संस्थान कई जगहों पर पेयजल लाइन भी शिफ्ट नहीं हुई है। इधर स्थानीय लोगों ने कहा कि एनएच द्वारा सड़क का निरीक्षण कर समय तक संबंधित विभागों को विद्युत पोल, पेयजल लाइन और पेड़ों के कटान के लिए कार्रवाई हेतु नहीं कहा जा रहा है जिससे कार्यदायी संस्था कार्य में तेजी नहीं ला पा रही है।

# पॉलीटेक्निक संस्थान पौड़ी को यथावत रखने के लिखित आदेश के बाद मंच का धरना समाप्त

पौड़ी **संवाददाता।** मुख्यालय में नागरिक कल्याण मंच ने पॉलीटेक्निक संस्थान पौड़ी को यथावत रखने के लिखित आदेश मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया है। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी डॉ. एसके बरनवाल ने धरना स्थल पर पहुंचकर शासन से संस्थान को यथावत रखे जाने से संदर्भित पत्र पढ़कर सुनाया, जिसपर मंच ने धरना समाप्त कर दिया। बता दें कि पौड़ी स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान को बंद करने के निर्णय को लेकर नागरिक कल्याण मंच ने जिला कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया था। इतना ही नहीं, यहां अध्ययनरत छात्रों से अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए विकल्प भी मांगे गए थे। शहर से एक महत्वपूर्ण संस्थान बंद होने की सुगबुगाहट के बीच नागरिक कल्याण मंच ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। बीते छह दिनों से मंच से जुड़े शहरवासी जिला कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे थे। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी डॉ. एसके बरनवाल जिला कार्यालय के बाहर धरनास्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने संस्थान को यथावत रखने को लेकर शासन से मिले पत्र को पढ़कर सुनाया।

# सीडीओ हंसादत्त पाडे सम्मानित

चमोली **संवाददाता।** सर्वोदय केंद्र में आयोजित मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास केंद्र की ओर से मुख्य विकास अधिकारी हंसादत्त पाडे को बापू 150 सम्मान प्रदान किया गया। वयोवृद्ध सर्वोदयी नेता मुरारी लाल ने सीडीओ को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास केंद्र की ओर से गाधी जी की 150 जयंती के अवसर पर विगत दो वर्षों से बापू 150 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विकास केंद्र की ओर से गावों में गांधी दर्शन पर विचार गोष्ठियों का आयोजन, स्वच्छता कार्यक्रम, विद्यालयों में गांधी दर्शन एवं जीवन पर निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के साथ ही प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी बापू 150 समान से भी सम्मानित किया जा रहा है। सर्वोदय केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर युवाओं को जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद चमोली जैविक खेती के लिए आगे बढ़ाने के साथ ही कृषि क्षेत्र में किसानों को नई तकनीकों के वृहद स्तर पर प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी कार्य किया जा रहा है।

# जिला अस्पताल टिहरी में मोबाइल नेटवर्क की समस्या

नई टिहरी **संवाददाता।** जिला अस्पताल टिहरी में गंभीर ऑपरेशन के दौरान भी डॉक्टरों के लिए ओटी से बाहर आना मजबूरी बना हुआ है। अस्पताल में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति ये है कि यहां किसी महिला के प्रसव या ऑपरेशन के दौरान अगर डॉक्टर को किसी सीनियर से फोन पर सलाह लेनी हो तो उसे ओटी से निकलकर अस्पताल के मेन गेट तक फोन पर बात करने आना पड़ता है। टिहरी जिला अस्पताल को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट पीपीपी मोड में संचालित कर रहा है। अस्पताल में मोबाइल नेटवर्क की बात करें तो गाइनी वार्ड, आपरेशन थियेटर, इमरजेंसी, मेडिकल स्टोर सहित लगभग आधे अस्पताल में मोबाइल नेटवर्क न आने के कारण दिक्कत आती है। सबसे ज्यादा परेशानी उस वक्त होती है जब किसी गंभीर केस के लिए चिकित्सक किसी सीनियर डॉक्टर या कंसल्टेंट से फोन पर कोई सलाह लेना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें वहा से बाहर आना पड़ता है। यही स्थिति ओटी या लेबर रूम में आपरेशन के दौरान अधिकतर बार होती है। पिछले साल ही अस्पताल प्रबंधन बीएसएनएल अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुका है। इसके बाद बीएसएनएल अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

डॉ अमित रॉय, सीएमएस जिला अस्पताल टिहरी ने बताया कि पिछले साल बीएसएनएल अधिकारियों और जिला प्रशासन को मोबाइल नेटवर्क न होने की समस्या के बारे में बताया गया था। लेकिन, अभी तक अस्पताल में नेटवर्क सुधारने के लिए बीएसएनएल ने कोई कार्यवाही नहीं की।